प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 11.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभाजनकारी तत्वों को परास्त करने के लिए देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की है। आज गुजरात में प्रभास पाटन में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर देशवासियों से अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए विकसित भारत के लिए कंधे से कंधा और दिल से दिल मिलाकर चलने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था और समर्पण का पर्व है। उन्होंने कहा कि हमारी सभ्यता हमें दूसरों को परास्त करना नहीं, बल्कि संतुलित जीवन जीना सिखाती है। उन्होंने यह भी कहा कि सोमनाथ घृणा या विध्वंस का नहीं, बल्कि प्रेम का संदेश देता है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री और अपने बाबा दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन की जयंती पर उन्हें नमन किया है। आज रांची स्थित आवास में श्री सोरेन ने अपनी मां रूपी सोरेन और पत्नी कल्पना सोरेन के साथ स्व शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि जी। अपने सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिबू सोरेन का संघर्ष, उनका जीवन और आदर्श सदियों तक जनमानस को न्याय, स्वाभिमान और संघर्ष की राह पर प्रेरित करते रहेंगे। इधर, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बोकारो के जैना मोड़ चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होकर स्वर्गीय शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

****

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची के मोरहाबादी में सशस्त्र बलों में भर्ती की तैयारी में जुटे हुए युवाओं से मुलाकात की। मंत्री ने इनके बीच टीशर्ट का वितरण किया। मौके पर श्री सेठ ने युवाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को अपना मानकर राष्ट्र प्रथम के भाव से कार्य करने का आह्वान किया। वहीं, मंत्री ने युवाओं और बच्चों के बीच पतंग का भी वितरण किया।

****

झारखंड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सीडीपीओ के 64 पदों का अंतिम रिजल्ट जारी कर दिया है। इन पदों के लिए सात से नौ जनवरी तक इंटरव्यू लिए गए थे।

****

गिरिडीह जिले से पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक आबिद खान ने आज बताया कि बेंगाबाद थाना क्षेत्र के शहरपुरा में कुछ लोग फोन के जरिए ऑनलाइन ठगी कर रहे थे। इसी सूचना पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए इन्हें गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन मोबाइल फोन और पांच सिम कार्ड जब्त किए गए हैं।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के झींकपानी थाना क्षेत्र के गुड़ागांव में उत्पाद विभाग ने अवैध रूप से संचालित तीन शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया है। मौके से करीब एक हजार किलोग्राम जावा महुआ और 70 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गई। इसके साथ ही शराब निर्माण में उपयोग किए जा रहे उपकरणों को भी जब्त किया गया। हालांकि, छापेमारी की भनक लगते ही भट्ठियों के संचालक और अन्य लोग मौके से फरार हो गए।

****

मौसम विभाग ने राज्य के 13 जिलों में 13 से 15 जनवरी के बीच शीतलहर चलने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार, 13 और 14 जनवरी को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग और गुमला जिलों में शीतलहर की स्थिति बन सकती है। वहीं, 15 जनवरी को गढ़वा, पलामू, गुमला, लातेहार, चतरा और लोहरदगा में ठंड और बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने आम लोगों से शीतलहर को देखते हुए सावधानी बरतने की अपील की है।

****

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे मैच में, आज शाम देलही कैपिटल्स का मुकाबला गुजरात जायंट्स से होगा। यह मैच मुंबई के डॉ. डी. वाई. पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में शाम साढ़े सात बजे से होगा।

********समाप्त*******